बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0–PR............./2024

प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2024–2026 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के लिये ऑनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार करने के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 46/2024 एवं पी0आर0 75/2024 के क्रम में प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 हेतु सही एवं पूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, उनका डमी प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट **https://www.deledbihar.com** पर दिनांक **22.02.2024 से 26.02.2024** तक अपलोड रहेगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित एक–एक विवरण को सावधानी से जाँच कर लें। इस क्रम में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो वे उक्त अवधि में त्रुटि सुधार अवश्य कर लें।

2. डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरण में सुधार के क्रम में जिन अभ्यर्थियों के कोटि में परिवर्तन होता है तो उन्हें परिवर्तित कोटि के लिए निर्धारित शुल्क की राशि भुगतान करना होगा, अर्थात् एस0सी0/एस0टी0/दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थी कोटि सुधारोपरांत अन्य कोटि में चले जाते हैं तो उन्हें उस कोटि के लिये निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि रु0 200/– ऑनलाइन विधि से **दिनांक 26.02.2024** तक जमा करना होगा, अन्यथा मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।

3. **दिनांक 26.02.2024 के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।**

समिति की विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 46/2024 के अन्तर्गत प्रकाशित शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

20/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : टी0टी0प्रे0 ..82.........../2024 पटना, दिनांक ..20../..02../2024

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. उप निदेशक, आई0टी0 (ओ०एफ०एस०एस०), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।
3. M/s Kids International Services Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में शाखा प्रबंधक Axis Bank Limited, Patliputra colony, Patna शाखा एवं Punjab National Bank, Boring Road, Patna शाखा को आवश्यक निदेश देने का कष्ट किया जाए।
5. निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

20/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना